collegebatch.com

**Series E1GFH/5**

***Set No. 1***

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **64/5/1**

*अनुक्रमांक / Roll No.*

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।*
*Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.*

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*

| | **नोट** | | ***NOTE*** |
|---|---|---|---|
| *(I)* | *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 23 (**2 मानचित्र** सहित) हैं ।* | *(I)* | *Please check that this question paper contains **23** printed pages (Including **2 Maps**).* |
| *(II)* | *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।* | *(II)* | *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.* |
| *(III)* | *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।* | *(III)* | *Please check that this question paper contains **30** questions.* |
| *(IV)* | ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।*** | *(IV)* | ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.*** |
| *(V)* | *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।* | *(V)* | *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.* |

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **चार** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड-क, ख, ग** एवं **घ** ।*

*(iii)* ***खंड-क** : प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***खंड-ख** : प्रश्न संख्या **18** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** से **100** शब्दों में लिखा जाना चाहिए । प्रश्न संख्या **18** तथा **19** स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।*

*(v)* ***खंड-ग** : प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** से **150** शब्दों में लिखा जाना चाहिए ।*

*(vi)* ***खंड-घ** : प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।*

## खंड – क

**(इस खण्ड में प्रश्नों की संख्या 17 है । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।)**

1. निम्नलिखित अर्थशास्त्रियों में से किसने 1990 में मानव विकास सूचकांक निर्मित किया ?

(A) प्रो. अमर्त्य सेन (B) डॉ. मनमोहन सिंह

(C) डॉ. महबूब-उल-हक (D) एलन सी. सेंपल **1**

2. निम्नलिखित उपागमों में से, किसको मूल रूप से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था ?

(A) आय उपागम

(B) कल्याण उपागम

(C) आधारभूत आवश्यकता उपागम

(D) क्षमता उपागम **1**

collegebatch.com

***General Instructions :***

***Please read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **30** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into 4 Sections : **Section – A, Section – B, Section – C & Section – D.***

*(iii)* *In **Section – A** : Question number **1** to **17** are Multiple Choice (MCQ) type questions.*

*(iv)* *In **Section – B** : Question number **18** to **23** are Short Answer (SA) type questions. Answer to these questions shall be written in **80** to **100** words. Question number **18** & **19** are Source based questions.*

*(v)* *In **Section – C** : Question number **24** to **28** are Long Answer (LA) type questions. Answer to these questions shall be written in **120** to **150** words.*

*(vi)* *In **Section – D** : Question number **29** & **30** are Map based questions.*

## SECTION – A

**(There are 17 questions in this section. All questions are compulsory.)**

1. Who, among the following economists created the Human Development Index in the year 1990 ?

   (A) Prof. Amartya Sen (B) Dr. Manmohan Singh

   (C) Dr. Mahbub-ul-Haq (D) Ellen C. Semple **1**

2. Which one of the following approaches was initially proposed by the International Labour Organisation (ILO) ?

   (A) Income Approach

   (B) Welfare Approach

   (C) Basic Needs Approach

   (D) Capability Approach **1**

collegebatch.com

3. निम्नलिखित में कौन सा मानव विकास का प्रमुख क्षेत्र <u>नहीं</u> है ?

(A) संसाधनों तक पहुँच (B) लम्बा और स्वस्थ जीवन

(C) शिक्षा (D) आर्थिक अलाभ **1**

4. विकसित अर्थव्यवस्था में बहुसंख्यक श्रमिक अर्थव्यवस्था के निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें रोजगार पाते हैं ?

(A) प्राथमिक क्षेत्र (B) द्वितीयक क्षेत्र

(C) तृतीयक क्षेत्र (D) चतुर्थक क्षेत्र **1**

5. निम्नलिखित में से कौन सा क्रियाकलाप चतुर्थक क्रियाकलाप से सम्बन्धित है ?

(A) सूचनाओं का उत्पादन (B) मत्स्यन

(C) पर्यटन (D) व्यापार **1**

6. निम्नलिखित में से कौन सी फुटकर व्यापार की विशेषता <u>नहीं</u> है ?

(A) यह क्रियाकलाप उपभोक्ताओं को वस्तुओं के प्रत्यक्ष विक्रय से संबंधित है ।

(B) अधिकांश फुटकर व्यापार केवल विक्रय के लिए नियत प्रतिष्ठानों में सम्पन्न होता है ।

(C) बहुसंख्यक फुटकर दुकानें बिचौलिए स्रोतों से पूर्ति लेते हैं ।

(D) फुटकर व्यापार का गठन अनेक बिचौलिए सौदागरों और पूर्तिघरों द्वारा होता है । **1**

7. निम्नलिखित में से कौन सी आधुनिक निर्माण की विशेषता <u>नहीं</u> है ?

(A) एक जटिल प्रौद्योगिकी यंत्र (B) अधिक पूँजी

(C) छोटा संगठन (D) प्रशासकीय अधिकारी–वर्ग **1**

8. निम्नलिखित में से मिश्रित कृषि की विशेषता की पहचान कीजिए :

(A) यह दुधारू पशुओं के पालन–पोषण का सर्वाधिक उन्नत और दक्ष प्रकार है ।

(B) फसल उत्पादन एवं पशुपालन पर समान महत्त्व दिया जाता है ।

(C) इसकी यूरोपवासियों के द्वारा उपनिवेशों में शुरुआत की गई ।

(D) उन प्रदेशों में, जहाँ किसान केवल सब्जियाँ पैदा करता है । **1**

collegebatch.com

3. Which of the following is NOT a key area in human development ?

(A) Access to resources (B) Long and healthy life

(C) Education (D) Economic disadvantage **1**

4. In a developed economy, the majority of workers get employment in which of the following sectors of economy ?

(A) Primary sector (B) Secondary sector

(C) Tertiary sector (D) Quaternary sector **1**

5. Which one of the following activities is related to quaternary activities ?

(A) Production of information (B) Fishing

(C) Tourism (D) Trading **1**

6. Which one of the following is NOT a characteristic of retail trading ?

(A) It is concerned with sale of goods directly to the consumers.

(B) Most of the retail trading takes place in fixed establishments.

(C) Most of the retail stores procure their supplies from intermediate stores.

(D) Retail trading constitutes bulk business through numerous intermediary merchants and supply houses. **1**

7. Modern manufacturing is NOT characterised by which one of the following ?

(A) A complex machine technology (B) Vast capital

(C) Small organisations (D) Executive bureaucracy **1**

8. Identify the feature of mixed farming from the following :

(A) It is most advanced and efficient type of rearing milch animals.

(B) Equal emphasis is laid on crop cultivation and animal husbandry.

(C) It was introduced by the Europeans in colonies.

(D) The regions where farmers specialised in vegetables only. **1**

collegebatch.com

9. निम्नलिखित में से कौन सा शैक्षिक नगर का एक उदाहरण है ?
(A) सूरत (B) दिल्ली
(C) पिलानी (D) जयपुर 1

10. भरमौर जनजातीय क्षेत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है ?
(A) इस क्षेत्र में चम्बा जिले की दो तहसीलें – भरमौर और होली शामिल हैं।
(B) यह अधिसूचित जनजातीय क्षेत्र नहीं है।
(C) इस क्षेत्र में गद्दी जनजातीय संप्रदाय का आवास है।
(D) जनजातीय लोग ऋतु-प्रवास करते हैं। 1

11. इंदिरा गांधी नहर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(A) इसे पहले राजस्थान नहर के नाम से जाना जाता था।
(B) यह नहर पंजाब में हरिका बाँध से निकलती है।
(C) यह नहर पाकिस्तान सीमा के समानांतर बहती है।
(D) इस नहर से राजस्थान सबसे कम लाभान्वित हुआ है। 1

12. निम्नलिखित आयोगों में से किस ने 'योजना आयोग' का स्थान लिया ?
(A) चुनाव आयोग (B) नीति आयोग
(C) विधि आयोग (D) शिक्षा आयोग 1

13. निम्नलिखित में से सही जोड़े का चयन कीजिए :
(A) औद्योगिक नगर – विशाखापट्नम
(B) परिवहन नगर – सतना
(C) वाणिज्य नगर – भिलाई
(D) प्रशासनिक नगर – भोपाल 1

14. स्तंभ I का मिलान स्तंभ II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

| | **स्तंभ I** | | **स्तंभ II** |
|---|---|---|---|
| i. | गुच्छित | a. | एकाकी बस्तियाँ |
| ii. | अर्ध-गुच्छित | b. | इकाइयों को स्थानीय स्तर पर पन्ना, पाड़ा, पाली आदि के रूप में जाना जाता है। |
| iii. | पल्ली | c. | विखंडित बस्तियाँ |
| iv. | परिक्षिप्त | d. | संकुलित रूप से निर्मित क्षेत्र |

**विकल्प :**
(A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d (B) i-d, ii-c, iii-b, iv-a
(C) i-b, ii-a, iii-c, iv-d (D) i-c, ii-b, iii-a, iv-d 1

collegebatch.com

9. Which of the following is an example of an 'educational town' ?
   (A) Surat (B) Delhi
   (C) Pilani (D) Jaipur 1

10. Which one of the following is NOT true about Bharmaur tribal region ?
   (A) This region comprises of Bharmaur and Holi tehsil of Chamba district.
   (B) It is not a notified tribal area.
   (C) It is mainly inhabited by Gaddi tribal community.
   (D) The tribals practise transhumance. 1

11. Which of the following statement is NOT true regarding Indira Gandhi Canal ?
   (A) It was previously known as Rajasthan canal.
   (B) It originates at Harika barrage in Punjab.
   (C) The canal runs almost parallel to Pakistan border.
   (D) Rajasthan is least benefitted by this canal. 1

12. Which of the following commission replaced 'Planning Commission' ?
   (A) Election Commission (B) NITI Aayog
   (C) Law Commission (D) Education Commission 1

13. Choose the correct pair from the following :
   (A) Industrial town – Vishakhapatnam
   (B) Transport town – Satna
   (C) Commercial town – Bhilai
   (D) Administrative town – Bhopal 1

14. Match the Column I with Column II and choose the correct option :

| | **Column I** | | **Column II** |
|---|---|---|---|
| i. | Clustered | a. | Isolated settlement |
| ii. | Semi-clustered | b. | Units are locally known as Panna, Para, Palli etc. |
| iii. | Hamleted | c. | Fragmented settlement |
| iv. | Dispersed | d. | Closely built up region |

**Options :**
   (A) i-a, ii-b, iii-c, iv-d
   (B) i-d, ii-c, iii-b, iv-a
   (C) i-b, ii-a, iii-c, iv-d
   (D) i-c, ii-b, iii-a, iv-d 1

collegebatch.com

नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों **(15 से 17)** के उत्तर लिखिए :

**केस अध्ययन**

झाबुआ ज़िला मध्य प्रदेश के अति पश्चिमी कृषि जलवायु क्षेत्र में अवस्थित है । यह वास्तव में हमारे देश के सर्वाधिक पाँच पिछड़े ज़िलों में से एक है । जनजातीय जनसंख्या विशेषत: भील का उच्च सांद्रण इसकी विशेषता है । लोग गरीबी के कारण कष्ट झेल रहे हैं, और यह गरीबी जंगल एवं भूमि दोनों संसाधनों के उच्च दर से निम्नीकरण के कारण प्रबलित हो गई है । यहाँ भारत सरकार के 'ग्रामीण विकास' तथा 'कृषि मंत्रालय' दोनों ही से जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम फंड अनुदानित हैं, जिन्हें झाबुआ ज़िले में सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है । यह निम्नीकरण को रोकने तथा भूमि की गुणवत्ता को सुधारने में सफल सिद्ध होगा । जल संभरण प्रबंधन कार्यक्रम भूमि, जल तथा वनस्पतियों के बीच संबद्धता को पहचानता है और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता से लोगों की आजीविका को सुधारने का प्रयास करता है । पिछले पाँच वर्षों में, ग्रामीण विकास मंत्रालय से निधि प्राप्त राजीव गांधी मिशन द्वारा क्रियान्वित जल संभरण प्रबंधन ने अकेले झाबुआ ज़िले की लगभग 20 प्रतिशत भूमि का उपचार किया है ।

झाबुआ ज़िले का पेटलावाद विकास खंड, जिले के सर्वाधिक उत्तरी छोर पर स्थित है तथा सरकार एवं गैर-सरकारी संगठनों की साझेदारी तथा जल संभरण प्रबंधन हेतु समुदाय की प्रतिभागिता का सफल और रोचक प्रकरण प्रस्तुत करता है । पेटलावाद विकास खंड के भील (कारावट गाँव के सतरूंडी बस्ती) समुदाय ने अपना स्वयं का प्रयास करके विस्तृत भागों की साझी संपदा संसाधनों को पुनर्जीवित किया है । प्रत्येक परिवार ने साझी संपदा में एक पेड़ लगाया और उसे अनुरक्षित किया । इसके साथ ही प्रत्येक परिवार ने चरागाह भूमि पर चारा घास को बोया और कम से कम दो वर्षों तक उसकी सामाजिक घेराबंदी की । इसके बाद भी, उनका कहना था, इन ज़मीनों पर कोई खुली चराई नहीं होगी और पशुओं की आहार पूर्ति हेतु नाँद बनाए जाएँगे और इस प्रक्रार से उन्हें यकीन था कि जो चरागाह उन्होंने विकसित किए हैं वे भविष्य में उनके पशुओं का सतत पोषण करते रहेंगे ।

collegebatch.com

Read the following source and answer the question no. **15** to **17**.

**A Case Study**

Jhabua district is located in the westernmost agro-climatic zone in Madhya Pradesh. It is, in fact, one of the five most backward districts of the country. It is characterized by high concentration of tribal population (mostly Bhils). The people suffer due to poverty which has been accentuated by the high rate of resource degradation, both forest and land. The watershed management programmes funded by both the Ministries of "Rural Development" and "Agriculture", Government of India, have been successfully implemented in Jhabua district which has gone a long way in preventing land degradation and improving soil quality. Watershed Management Programmes acknowledge the linkage between land, water and vegetation and attempts to improve livelihoods of people through natural resource management and community participation. In the past five years the programmes funded by the Ministry of Rural Development alone (implemented by Rajiv Gandhi Mission for Watershed Management) has treated 20 percent of the total area under Jhabua district.

The Petlawad Development block of Jhabua is located in the northernmost part of the district and represents an interesting and successful case of Government-NGO partnership and community participation in managing watershed programmes. The Bhils in Petlawad Development block, for example, (Sat Rundi hamlet of Karravat village) through their own efforts, have revitalized large parts of common property resources. Each household planted and maintained one tree on the common property. They also have planted fodder grass on the pasture land and adopted social-fencing of these lands for at least two years. Even after that, they say, there would be no open grazing on these lands, but stall feeding of cattle, and they are thus confident that the pastures they have developed would sustain their cattle in future.

collegebatch.com

इस अनुभव का एक रोचक पक्ष यह है कि समुदाय इस चरागाह प्रबंधन प्रक्रिया की शुरुआत करते कि इससे पहले ही पड़ोसी गाँव के एक निवासी ने उस पर अतिक्रमण कर लिया। गाँव वालों ने तहसीलदार को बुलाया और साझी ज़मीन पर अपने अधिकारों को सुनिश्चित कराया। इस अनुवर्ती संघर्ष को गाँव वालों द्वारा सुलझाया गया जिसके लिए उन्होंने साझी चरागाह भूमि पर अतिक्रमण करने वाले दोषी को अपने प्रयोक्ता समूह का सदस्य बनाकर उसे साझी चरागाह भूमि की हरियाली से लाभांश देना आरंभ किया।

15. झाबुआ के जनजातीय समुदाय के लोगों ने गरीबी के कारण कष्ट क्यों झेले ? उस विकल्प का चयन कीजिए जो सही नहीं है।

(A) वनों का उच्च दर से निम्नीकरण  (B) भूमि का निम्नीकरण

(C) निरक्षरता  (D) जल संभरण प्रबन्धन को लागू करना **1**

16. लोगों ने किस प्रकार चरागाह भूमियों के विकास की व्यवस्था की ? सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) चरागाहों की रक्षा तारों से घेराबन्दी करके की।

(B) चरागाह भूमियाँ किसी के दखल में नहीं थी।

(C) चरागाह साझा सम्पदा संसाधन थे, फलत: उन्होंने इसका विकास किया।

(D) सरकारी अधिकारियों ने गाँव वालों के किसी काम में दखल नहीं दिया। **1**

17. भीलों ने अपने निजी प्रयासों से साझा सम्पदा संसाधनों को किस प्रकार पुनर्जीवित किया ? सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) साझा भूमि को कृषि के अन्तर्गत लाया गया।

(B) साझा सम्पदा संसाधनों पर चराई की खुली छूट को नियंत्रित किया।

(C) वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं चलाया गया।

(D) उन्होंने जल संसाधनों को विकसित किया। **1**

collegebatch.com

An interesting aspect of this experience is that before the community embarked upon the process of management of the pasture, there was encroachment on this land by a villager from an adjoining village. The villagers called the tehsildar to ascertain the rights of the common land. The ensuing conflict was tackled by the villagers by offering to make the defaulter encroaching on the CPR a member of their user group and sharing the benefits of greening the common lands / pastures.

15. Why did the people of Jhabua tribal community suffer from poverty ? Choose the option which is NOT correct.
    (A) High rate of forests degradation
    (B) Land degradation
    (C) Illiteracy
    (D) Implementation of watershed management **1**

16. How did people manage to develop pasture lands ? Choose the correct option.
    (A) Use of barbed wire to protect pastures.
    (B) Pasture lands were not under any encroachment.
    (C) Pastures were common property resources, hence they developed it.
    (D) Govt. officials did not interfere in any work of the villagers. **1**

17. How did the Bhils, through their own efforts revitalise the common property resources ? Choose the correct option.
    (A) Common land was brought under cultivation.
    (B) They controlled open grazing on the common property resources.
    (C) No tree plantation was taken up.
    (D) They developed water resources. **1**

## खंड – ख

**(प्रश्न संख्या 18 और 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं ।)**

18. दिए गए स्रोत का पठन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 × 3 = 3**

हम अपने दैनिक जीवन में अनेक वस्तुओं का उपयोग करते हैं । दंतमंजन या टूथपेस्ट से लेकर सुबह की चाय, दूध, कपड़े, साबुन तथा खाद्य पदार्थ आदि की हमें प्रतिदिन आवश्यकता पड़ती है । इन सभी को बाज़ार से खरीदा जा सकता है । क्या आपने कभी सोचा है कि इन वस्तुओं को अपने उत्पादन-स्थल से किस प्रकार लाया जाता है ? सभी उत्पादन निश्चय ही खपत के लिए होते हैं । खेतों एवं कारखानों से तैयार सभी उत्पादों को उन स्थानों पर लाया जाता है, जहाँ से उपभोक्ता उन्हें खरीद सकें । यह परिवहन ही है जो इन वस्तुओं को उत्पादन स्थलों से बाज़ार तक पहुँचाता है जहाँ ये उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होते हैं ।

हम अपने दैनिक जीवन में फल, शाक-सब्ज़ियों, किताबें एवं कपड़ा आदि जैसी भौतिक वस्तुएँ ही नहीं उपयोग में लाते हैं; बल्कि विचारों, दर्शन तथा संदेशों का भी उपयोग करते हैं । क्या आप जानते हैं कि विभिन्न साधनों के माध्यम से संचार करते समय हम अपने विचारों, दर्शन और संदेशों का विनिमय एक स्थान से दूसरे स्थान तक, अथवा एक व्यक्ति से दूसरे तक करते हैं ।


परिवहन तथा संचार का उपयोग एक वस्तु की उपलब्धता वाले स्थान से उसके उपयोग वाले स्थान पर लाने-ले जाने की हमारी आवश्यकता पर निर्भर करता है । मानव विभिन्न वस्तुओं, पदार्थों और विचारों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए भिन्न विधियों का प्रयोग करता है ।

(18.1) परिवहन की उपयोगिता की व्याख्या कीजिए । **1**

(18.2) ‘संचार’ शब्द को परिभाषित कीजिए । **1**

(18.3) संचार और परिवहन के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए । **1**

19. दिए गए चित्र का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 × 3 = 3**




**अत्यधिक सघन जनसंख्या वाले देश**

collegebatch.com

## SECTION – B

**(Question No. 18 and 19 are Source Based Questions.)**

18. Read the given source and answer the questions that follow : **1 × 3 = 3**

We use many items in our daily life. From toothpaste to our bed tea, milk, clothes, soaps, food items, etc., are required everyday. All these can be purchased from the market. Have you ever thought as to how these items are brought from the site of production ? All the production is meant for consumption. From the fields and factory, the produce is brought to the place from where consumers purchase it. It is the transportation of these items from the site of their production to the market which make them available to the consumer.

We not only use material things, like fruits, vegetables, books, clothes, etc., but also use ideas, views and messages in our daily life. Do you know we exchange our views, ideas and messages from one place to another or one individual to another while communicating with the help of various means ?


The use of transport and communication depends upon our need to move things from place of their availability to the place of their use. Human beings use various methods to move goods, commodities, ideas from one place to another.

(18.1) Explain the utility of transportation. **1**

(18.2) Define the term 'Communication'. **1**

(18.3) Differentiate between transport and communication. **1**

19. Study the given figure carefully and answer the questions that follow : **1 × 3 = 3**




**Most Populous Countries**

collegebatch.com

(19.1) सबसे सघन जनसंख्या वाले देश का नाम लिखिए। **1**

(19.2) चित्र में एशिया महाद्वीप के कुल कितने देशों को दर्शाया गया है ? **1**

(19.3) एशिया में भू-आकृति किस प्रकार जनसंख्या के घनत्व को प्रभावित करती है ? **1**

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर हैं :

(19.1) किस महाद्वीप की जनसंख्या सर्वाधिक है ? **1**

(19.2) किस महाद्वीप की जनसंख्या सबसे कम है ? **1**

(19.3) जलवायु की जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक के रूप में व्याख्या कीजिए। **1**

**(प्रश्न संख्या 20 से 23 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।)**

20. "मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।" इस कथन की पुष्टि कीजिए। **3**

21. (a) "शोध एवं विकासमान युक्तियों के द्वारा प्रौद्योगिक नवाचार आधुनिक विनिर्माण के महत्वपूर्ण पहलू हैं।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। **3**

**अथवा**

(b) "तीव्र व सक्षम परिवहन प्रणाली औद्योगिक विकास के लिए अत्यावश्यक है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। **3**

22. भौगोलिक संरचना, खनिज संसाधन और जलवायु किस प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के आधार हैं ? स्पष्ट कीजिए। **3**

23. (a) "अलवणीय जल की घटती उपलब्धता और बढ़ती माँग ने भारत को जल संरक्षण और प्रभावी प्रबंधन के लिए विवश किया है।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। **3**

**अथवा**

(b) "केन्द्रीय और राज्य सरकारों ने देश में बहुत से जल संभरण विकास और प्रबन्धन कार्यक्रम चलाए हैं।" इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। **3**

collegebatch.com

(19.1) Name the highest populous country. **1**

(19.2) How many total countries of Asia continent are shown in the figure ? **1**

(19.3) How do landforms affect the density of population in Asia ? **1**

**Note :** Following questions are for **Visually Impaired Candidates only** in lieu of Question No. **19** :

(19.1) Which continent has the highest population ? **1**

(19.2) Which region has the least population ? **1**

(19.3) Explain the climate as the main factor affecting distribution of population. **1**

**(Question No. 20 to 23 are Short Answer Type Questions.)**

20. "Human Geography is the study of the changing relationship between the unresting man and unstable earth." Support the statement. **3**

21. (a) "Technological innovations through research and development strategy are an important aspect of modern manufacturing." Analyse the statement. **3**

**OR**

(b) "Speedy and efficient system of transport is essential for the development of industries." Analyse the statement. **3**

22. Explain how geological structures, mineral resources and climate are the bases of international trade. **3**

23. (a) "A declining availability of fresh water and increasing demand are the compelling reasons for conservation and effective management of water in India." Justify the statement. **3**

**OR**

(b) "The Central and State Governments have initiated many watershed development and management programmes in the country." Justify the statement. **3**

collegebatch.com

## खंड – ग

**(प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं ।)**

24. (a) विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारकों के प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) विश्व में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले आर्थिक और सामाजिक कारकों का विश्लेषण कीजिए । **3 + 2 = 5**

25. (a) पर्वतीय और गर्म मरुस्थलीय क्षेत्रों में विश्व सड़क परिवहन के सम्मुख प्रमुख समस्याओं की विवेचना कीजिए । **5**

**अथवा**

(b) विश्व में रेल परिवहन के प्रमुख लाभों की विवेचना कीजिए । **5**

26. भारत में 1951-1981 और 1981-2021 की अवधि के दौरान जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न पहलुओं की परख कीजिए । **5**

27. भारत के विदेशी व्यापार को प्रोन्नत करने में भारत के समुद्री पत्तनों के महत्व की परख कीजिए । **5**

28. भारतीय कृषि की किन्हीं पाँच प्रमुख समस्याओं की व्याख्या कीजिए । **5**

## खंड – घ

**(प्रश्न संख्या 29 एंव 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं ।)**

29. संसार के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र पर A, B, C, D, E, F और G सात भौगोलिक लक्षण दिखाए गए हैं । इनमें से किन्हीं **पाँच** को पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए : **5**

A. एशिया का अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन

B. लाल सागर और भूमध्य सागर को मिलाने वाली नहर

C. उत्तर अमेरिका का एक प्रमुख समुद्री–पत्तन

D. पार–ऑस्ट्रेलियाई रेलमार्ग का सिरे का स्टेशन

E. अफ्रीका में चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

F. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

G. यूरोप का अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन

collegebatch.com

## SECTION – C

**(Question No. 24 to 28 are Long Answer Type Questions.)**

24. (a) Analyse the effects of geographical factors on the distribution of world population. **5**

**OR**

(b) Analyse the economic and social factors affecting the distribution of population in the world. **3 + 2 = 5**

25. (a) Mention the major problems faced by global road transport in mountainous and hot desert areas. **5**

**OR**

(b) Mention the major benefits of rail transport in the world. **5**

26. Examine the different aspects of the growth of population in India during 1951-1981 and 1981-2021. **5**

27. Examine the significance of sea ports of India in the promotion of India's foreign trade. **5**

28. Explain any five major problems of Indian agriculture. **5**

## SECTION – D

**(Question No. 29 & 30 are Map Based Questions.)**

29. On the given political outline map of the world seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any **five** and name them on the lines marked near them. **5**

A. An International Airport in Asia.

B. A canal linking Red sea with Mediterranean sea.

C. A major seaport in North America.

D. A terminal station on the Trans-Australian Railway.

E. A major area of nomadic herding in Africa.

F. A major area of extensive commercial grain farming.

G. International airport of Europe.

collegebatch.com

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर हैं।**

**निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए :**

29.1 यमन में अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन का नाम लिखिए।

29.2 कौन सी नहर, लाल सागर को भूमध्य सागर से मिलाती है ?

29.3 कनाडा के पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख समुद्री–पत्तन का नाम लिखिए।

29.4 पार–ऑस्ट्रेलियाई रेलमार्ग के किसी सिरे के स्टेशन का नाम लिखिए।

29.5 दक्षिणी अफ्रीका के प्रमुख चलवासी पशुचारण क्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

29.6 विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के किसी एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

29.7 ब्रिटेन के किसी एक वायुपत्तन का नाम लिखिए।

30. भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** को दर्शाइए और उनके नाम लिखिए : **5**

30.1 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

30.2 उच्चतम नगरीकरण स्तर वाला राज्य

30.3 जूट का अग्रणी उत्पादक राज्य

30.4 कोरापुट – बॉक्साइट खानें

30.5 झरिया कोयला खानें

30.6 मंगलूरु समुद्री–पत्तन

30.7 पंजाब में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं।**

**निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए :**

30.1 सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए।

30.2 उच्चतम नगरीकरण स्तर वाला राज्य कौन सा है ?

30.3 जूट का अग्रणी उत्पादक राज्य कौन सा है ?

30.4 कोरापुट–बॉक्साइट खानें किस राज्य में स्थित हैं ?

30.5 उस राज्य का उल्लेख कीजिए जहाँ झरिया कोयला खानें स्थित हैं।

30.6 मंगलूरु समुद्री–पत्तन भारत के किस तट पर स्थित है ?

30.7 पंजाब में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय वायुपत्तन का नाम लिखिए।

collegebatch.com

**Note : The following questions are for Visually impaired candidates only in lieu of Question No. 29.**

**Attempt any five of the following :**

29.1 Name the international airport of Yemen.

29.2 Which canal links Red sea with Mediterranean Sea ?

29.3 Name the major sea port of Canada along its west coast.

29.4 Mention either of the terminal stations on the Trans-Australian Railway.

29.5 Mention the major nomadic herding region of South Africa.

29.6 Name any one major area of extensive commercial grain farming.

29.7 Name any one International airport of Great Britain.

30. On the given political outline map of India, locate and label any **five** of the following : **5**

30.1 A state with highest level of population density.

30.2 A state with highest level of urbanisation.

30.3 A state leading in the production of jute.

30.4 Koraput-bauxite mines.

30.5 Jharia coal mines.

30.6 Mangaluru seaport.

30.7 An international airport in Punjab.

**Note : The following questions are for the Visually impaired candidates only in lieu of the Question No. 30.**

**Attempt any five of the following :**

30.1 Name the state with highest level of population density.

30.2 Which is the state of the highest level of urbanisation ?

30.3 Which state is leading in the production of jute ?

30.4 In which state Koraput-bauxite mines are located ?

30.5 Mention the state where Jharia coal mines are located.

30.6 Along which coast of India, Mangaluru seaport is located ?


30.7 Name international airport located in Punjab.

collegebatch.com

Cut Here ---------- यहाँ से काटें ---------- Cut Here ---------- यहाँ से काटें

प्रश्न सं. **29** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **29**



collegebatch.com

collegebatch.com

यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

प्रश्न सं. **30** के लिए मानचित्र
Map for Q. No. **30**



collegebatch.com